भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1319
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत उप-केन्द्र

1319. डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:
श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत देश में उन उप-केन्द्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है जहां अपने भवन नहीं हैं;
(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत 18,000 उप-केन्द्रों का निर्माण करने का निर्णय लिया है जिनके पास अपने भवन नहीं हैं; और
(ग) यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत निर्मित किए गए निर्माणाधीन उप-केन्द्रों का जिले-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) कुछ केंद्रीय क्षेत्र के घटकों (सीएस) के साथ एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) है, जिसकी योजना अवधि (वित्त वर्ष 2021 -22 से 2025-26 तक) के लिए 64,180 करोड़ रुपये का परिव्यय है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मौजूद स्वास्थ्य अवसंरचना, निगरानी और स्वास्थ्य अनुसंधान में व्यापक अंतर को कम करना है। इस योजना के तहत उपाय सभी स्तरों अर्थात प्राथमिक, मध्यम और विशिष्ट स्तर पर परिचर्या की निरंतरता में स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थानों की क्षमता विकसित करने और वर्तमान तथा भावी महामारियों/आपदाओं से प्रभावी रूप से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों को तैयार करने पर केंद्रित है।

राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पीएम-एबीएचआईएम के सीएसएस घटक के तहत (15वें वित्त आयोग सहित) 17,788 भवन-रहित उप-स्वास्थ्य केंद्रों के लिए सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश में कार्यशील उप-केंद्रों की कुल संख्या 11,480 है।

अनुलग्नक-I

पीएम-एबीएचआईएम के तहत 'भवन-रहित' उप-स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य	वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान आवंटित इकाइयां
1	असम	847
2	बिहार	5696
3	झारखंड	2027
4	मणिपुर	83
5	मेघालय	182
6	ओडिशा	1199
7	पंजाब	11
8	राजस्थान	2652
9	उत्तर प्रदेश	4862
10	पश्चिम बंगाल	229
	कुल	**17788**

*****